# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–22 दिसम्बर 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विकसित भारत–जी राम जी विधेयक–दो हजार पच्चीस को दी मंजूरी। एक सौ पच्चीस दिनों के दिहाड़ी रोजगार की गारंटी देगा यह अधिनियम।
- युवा सहकार सम्मेलन और यूपी को–ऑपरेटिव एक्सपो–दो हजार पच्चीस में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। कहा– लघु और सीमांत किसानों को छह प्रतिशत की ब्याज दर पर एलडीबी के माध्यम से मिलेगा ऋण।
- छब्बीस दिसम्बर से रेल किराए में बदलाव करेगा रेलवे। दो सौ पंद्रह किलोमीटर से अधिक दूरी की यात्रा पर प्रति किलोमीटर एक से दो पैसे की होगी बढ़ोत्तरी।
- प्रदेश विधानमंडल के शीतकालीन सत्र में आज पेश होगा अनुपूरक बजट।

**********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विकसित भारत–रोजगार और आजीविका मिशन–ग्रामीण, विकसित भारत– जी राम जी विधेयक, दो हजार पचीस को मंजूरी दे दी। संसद ने इसे शीतकालीन सत्र के दौरान पारित किया था। एक रिपोर्ट–

***यह अधिनियम विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुरूप एक ग्रामीण विकास ढांचा स्थापित करेगा। इसके अंतर्गत प्रत्येक वित्तीय वर्ष में प्रत्येक ग्रामीण परिवार को 125 दिनों की मजदूरी रोजगार की वैधानिक गारंटी प्रदान की जाएगी, इसमें परिवार के वयस्क सदस्य जो अकुशल शारीरिक श्रम करने के लिए इच्छुक हैं उन्हें मजदूरी दी जाएगी। इस योजना में केन्द्र और राज्य सरकारों के बीच निधि बंटवारे का अनुपात अधिकांश राज्यों के लिए साठ और चालीस प्रतिशत होगा। जबकि पूर्वोत्तर और हिमालयी राज्यों में यह अनुपात 90 और 10 होगा। इस योजना के अंतर्गत यदि किसी को समय पर काम नहीं दिया जाता है तो बेरोजगारी भत्ता देने का प्रावधान भी है। यह अधिनियम महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा), 2005 का स्थान लेगा और एक आधुनिक कानूनी ढांचा प्रदान करेगा जो आजीविका सुरक्षा को मजबूत करेगा, तथा विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करेगा। अमन यादव के साथ आदर्श आकाशवाणी समाचार दिल्ली।***

प्रदेश के किसानों और ग्रामीणों ने अधिनियम का स्वागत किया है। जौनपुर जिले के किसान राजेश सिंह ने कहा कि इससे रोजगार के ज्यादा अवसर उपलब्ध होंगे और ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

***इस बिल के पास हो जाने से हमारे ग्रामीण क्षेत्र में हमारे श्रमिकों में हमारे मजदूरों में अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। उन्हें आत्मनिर्भर बनने का पूरा मौका मिलेगा। जहां पहले 100 दिन का रोजगार मिलता था। अब 125 दिन का रोजगार मिलेगा। जहां पहले दैनिक मजदूरी 250 हुआ करती थी। अब यह बढ़कर 400 हो गया है। निश्चित रूप से इससे हमारे श्रमिकों में आत्मनिर्भरता बढ़ेगी।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में युवा सहकार सम्मेलन और यूपी को–ऑपरेटिव एक्सपो–दो हजार पचीस की शुरुआत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लघु एवं सीमांत किसानों को बड़ी सौगात देते हुए कहा कि कृषक समृद्धि योजना के तहत लघु एवं सीमांत किसानों को छह प्रतिशत की ब्याज दर पर एलडीबी के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। इसमें शेष योगदान राज्य सरकार की ओर से किया जाएगा।

***वन डिस्ट्रिक्ट वन कोऑपरेटिव बैंक की दिशा में उत्तर प्रदेश आगे बढ़ रहा है और इसको हमें आगे बढ़ाना चाहिए क्योंकि यह आज की आवश्यकता है और उस दिशा में प्रदेश सरकार ने तेजी के साथ कदम बढ़ाए हैं। यह हमारे लिए इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि हमें वित्तीय समावेशन की दिशा से जितने भी फाइनेंशियल इंक्लूजन है, जितने भी केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं हैं, इन योजनाओं को प्रभावी रूप से क्रियान्वयन करने के लिए यह कार्य आगे बढ़ता है और स्थानीय स्तर पर युवाओं के लिए रोजगार की नई संभावनाओं को भी आगे बढ़ाया जा सकता है।***

इस अवसर पर सहकारिता के क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया गया।

**********

केन्द्रीय विधि और न्याय विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार अर्जुनराम मेघवाल कल आयकर अपीलीय अधिकरण लखनऊ पीठ की स्थापना के पचीस वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में आयोजित रजत जयंती समारोह में शामिल हुये। इस अवसर पर उन्होंने आयकर अधिनियम–उन्नीस सौ इकसठ में संशोधन के बाद बने अधिनियम के लिये लोगों से सुझाव आमंत्रित किये। केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री मेघवाल ने वाराणसी और देहरादून स्थित आयकर की सर्किट पीठ को पूर्ण पीठ के रूप में परिवर्तित करने का आश्वासन भी दिया।

***इनकम टैक्स एक्ट उन्नीस सौ इकसठ में हमने संशोधन करके उसके रूल्स बनने वाले हैं। तो उसमें आपको अभी भी लगता है कि कोई सुझाव की जरूरत है, कोई सजेशन पहुंचना चाहिए। तो मैं सही जगह पर सुझाव पहुंचा सकता हूं। वह लॉजिकल होना चाहिए सजेशन आपका। अगर ऐसा है कोई तो आप मुझे अभी दे सकते हैं। नहीं तो मेरे ईमेल एड्रेस पर मेरा पूरा नाम अर्जुन नाम मेघवाल एट द रेट ऑफ जीमेल डॉट काम पर आप भिजवा भी सकते हैं।***

**********

रेलवे आगामी छब्बीस दिसंबर से रेल किराए में बदलाव करेगा। इसके तहत सामान्य श्रेणी में 215 किलोमीटर तक की यात्रा के लिए किराए में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। इससे अधिक दूरी की यात्रा पर प्रति किलोमीटर एक पैसे की दर से वृद्धि की जाएगी। मेल, एक्सप्रेस और वातानुकूलित गाड़ियों में यह दर दो पैसे प्रति किलोमीटर होगी। रेलवे के अनुसार, किराए में वृद्धि से लगभग छह सौ करोड़ रूपए का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा।

**********

प्रदेश विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के दौरान आज विधानसभा में अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा। सत्र के दौरान वंदे मातरम् पर भी चर्चा की तैयारी है। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने बताया कि सरकार अनुपूरक बजट पर चर्चा के साथ–साथ प्रदेश के सभी विधायकों के सवालों का जवाब देने के लिए तैयार है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा है कि योगी आदित्यनाथ सरकार के दूसरे कार्यकाल का यह पहला अनुपूरक बजट प्रदेश के विकास के कार्यक्रमों की गति को आगे बढ़ाएगा।

**********

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर पचीस दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लखनऊ में राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री के लखनऊ आगमन और विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर को लेकर कल लखनऊ स्थित भाजपा मुख्यालय पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव तरूण चुघ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक और प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल शामिल हुए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने बताया कि बैठक में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को ऐतिहासिक और सफल बनाने के लिए तैयारियों की समीक्षा की गई।

**********

प्रदेश भर में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर अभियान जारी है। जौनपुर के जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ दिनेश चंद्र ने कल नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय और बदलापुर तहसील सभागार का औचक दौरा कर अभियान की प्रगति की जानकारी ली।

**********

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही कल गौतमबुद्ध नगर के ग्रेटर नोएडा में इंडियन इकोनॉमिक एसोसिएशन और आईआईएलएम विश्वविद्यालय के सहयोग से आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पहले बीमारू राज्य के रूप में जाना जाता था, लेकिन अब प्रदेश का तेजी से विकास हो रहा है जिसमें कृषि क्षेत्र भी शामिल है। कृषि मंत्री ने बताया कि ग्लोबल समिट से उत्तर प्रदेश में बड़े स्तर पर निवेश आया है।

**********

संडे ऑन साइकिल अभियान के तहत कल वाराणसी के बनारस रेल इंजन कारखाना–बरेका में साइकिल रैली आयोजित की गई। इसमें रेल कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और लोगों को फिट इंडिया के संकल्प के साथ साइकिलिंग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया।

**********

मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी जिलों में आज कहीं कहीं घने से लेकर अत्यंत घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान ठंड से जनजीवन प्रभावित रहेगा। विभाग ने प्रदेश भर में अगले दो दिनों के दौरान भी कहीं कहीं घने कोहरे की चेतावनी दी है।

ठंड और कोहरे के कारण स्कूलों में पठन–पाठन प्रभावित हो रहा है। फर्रुखाबाद जिले में जिला प्रशासन ने बारहवीं तक के सभी विद्यालयों में कल तक अवकाश घोषित किया है। अम्बेडकरनगर जिले में जिला प्रशासन द्वारा चौबीस दिसम्बर तक विद्यालय बंद रखने का आदेश जारी हुआ है। कानपुर के जिलाधिकारी ने ठंड को देखते हुए स्कूलों का संचालन सुबह दस बजे से करने का आदेश दिया है।

**********